उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

फोन: 0522–2238846, +91–9151024463

Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–3696/22 दिनांक 19/04/2022

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,
समस्त नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र (निजी क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश।

विषय–बायोमैट्रिक उपस्थिति भेजने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि कोविड–19 की महामारी से पूर्व इस कार्यालय में समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों की टीचिंग फैकल्टी की उपस्थिति आपके द्वारा कार्यालय में भेजी जाती रही है जो कोविड काल में बन्द हो गई थी।

वर्तमान में तत्काल प्रभाव से आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थानों में कार्यरत टीचिंग फैकल्टी तथा प्रशिक्षणरत छात्र/छात्राओं की उपस्थिति प्रतिदिन बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। इस हेतु आप अपने स्तर से बायोमैट्रिक मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उपस्थिति दर्ज कराकर उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आपके लॉगिन पैनल पर आई0पी0 एड्रेस तथा लॉगिन आई0डी0 व पासवर्ड भेजे जा रहे हैं।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।